राजस्थान कर्मचारी चयन बोर्ड (RSSB), द्वारा आयोजित

# चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी

# प्रैक्टिस पेपर

# 12

## भाग : (अ)

## सामान्य हिन्दी

1. 'विद्यालय' शब्द में है?
(1) स्वर संधि (2) व्यंजन संधि
(3) विसर्ग संधि (4) कोई नहीं

2. किस विकल्प में सभी शब्द विदेशी मूल के हैं?
(1) चापलूस, आदमी (2) कारीगर, किवाड़
(3) गिलास, पकवान (4) चश्मा, खाँसी

3. इनमें कौनसा शब्द 'तत्सम' है?
(1) माथा (2) गाथा
(3) हाथ (4) साथ

4. निम्न में से कौन-सा यण स्वर संधि का उदाहरण नहीं है?
(1) न्यून (2) अन्वय
(3) पित्रादेश (4) स्वांग

5. 'सु' उपसर्ग का उदाहरण नहीं है?
(1) स्वलय् (2) सूक्ति
(3) सौजन्य (4) स्वस्थ

6. किस विकल्प के शब्द दो से अधिक उपसर्गों से निर्मित है?
(1) प्राचार्य, सहानुभूति (2) अध्यापक, पारितोषिक
(3) दुरध्यवसाय, समुदाहरण (4) प्रतिवाद, अज्ञानता

7. कार्यालयी पत्रों की भाषा कैसी होनी चाहिए?
(1) मुहावरेदार भाषा (2) औपचारिक भाषा
(3) बोलचाल की भाषा (4) सरल भाषा

8. अर्धशासकीय पत्र में अधिकारी को संबोधित करने की शैली होती है?
(1) मान्यवर (2) प्रिय श्री रमेश
(3) महोदय (4) सेवा में निदेशक

9. अंग्रेजी शब्द 'Memorandum' का समानार्थक हिन्दी शब्द है-
(1) अनुस्मारक (2) परिपत्र
(3) कार्यालय आदेश (4) ज्ञापन

10. अनेकार्थी शब्द 'कनक' का निम्नलिखित में एक अर्थ नहीं है-
(1) कंचन (2) सोना
(3) धतूरा (4) पलाश

11. निम्नलिखित में 'अरण्य' का पर्यायवाची शब्द है-
(1) तुरंग (2) वाहस
(3) अपूर्व (4) कांतार

12. निम्नलिखित को सुमेलित कीजिए-

| सूची-I | सूची-II |
|---|---|
| (A) Minutes | (i) कार्यसूची |
| (B) Execution | (ii) कार्यवृत्त |
| (C) Endorse | (iii) समर्थन करना |
| (D) Agenda | (iv) कार्य संपादन |

कूट:-

| | (A) | (B) | (C) | (D) |
|---|---|---|---|---|
| (1) | i | ii | iii | iv |
| (2) | ii | iv | iii | i |
| (3) | i | iii | iv | ii |
| (4) | ii | i | iv | iii |

13. 'समायोजन' के लिए अंग्रेजी में प्रयुक्त होने वाला शब्द है-
(1) Adoption (2) Adjustment
(3) Admissibility (4) Adaptation

14. अशुद्ध वाक्य का चयन कीजिए
(1) यह कार्य कैसे संभव है?
(2) कृष्ण ने कंस का वध किया।
(3) थोड़े समय बाद छात्र वापस लौट आए।
(4) देश शहीदों का सदा आभारी रहेगा।

15. 'दशानन' में समास है-
(1) तत्पुरुष (2) बहुव्रीहि
(3) द्वंद्व (4) कर्मधारय

16. 'युद्धक्षेत्र' किस समास का उदाहरण है?
(1) बहुब्रीहि समास (2) कर्मधारय समास
(3) द्वंद्व समास (4) तत्पुरुष समास

17. 'पुत्रशोक' का सही सामाजिक विग्रह तथा भेद है?
(1) पुत्र में शोक - तत्पुरुष समास
(2) पुत्र पर शोक - कर्मधारय समास
(3) पुत्र के लिए शोक - तत्पुरुष समास
(4) पुत्र और शोक - द्विगु समास

18. निम्नलिखित में भाववाचक संज्ञा का उदाहरण है-
(1) गर्मी (2) मित्र
(3) मीठा (4) निज

19. निम्नलिखित में विलोम शब्दों का असंगत युग्म है-
(1) खल - सज्जन (2) स्थावर - जंगम
(3) तिमिर - अंधकार (4) विधि - निषेध

20. निम्नलिखित में जातिवाचक संज्ञा का उदाहरण है-
(1) मित्रता (2) तूफान
(3) दौड़ (4) सभा

21. निम्नलिखित में से संज्ञा शब्द से विशेषण का संगत युग्म है-
(1) पशु-पाशविक (2) बिकना-बिकाऊ
(3) गाना-गवैया (4) तैरना-तैराक

22. किस वाक्य में संबंधवाचक सर्वनाम है?
(1) मैं अपना काम स्वयं करता हूँ।
(2) कोई कुछ भी कहें, हमें क्या ?
(3) जिसे भी देखता हूँ, वही व्यस्त है।
(4) वह स्वतः संभल गया।

23. ''सामने जो बड़ा महल दिखाई दे रहा है, वह मेरा है।'' इसमें कौनसा सर्वनाम है?
(1) पुरुषवाचक (2) निश्चयवाचक
(3) अनिश्चयवाचक (4) निजवाचक

24. असंगत विकल्प का चयन कीजिए-
(1) जिसने ऋण चुका दिया है - उत्तमर्ण
(2) प्रशंसा के बहाने निंदा करना - व्याजनिंदा
(3) पर्वत का निचला मैदानी भाग- उपत्यका
(4) निंदा के बहाने प्रशंसा करना - व्याजस्तुति

25. निम्नलिखित में अशुद्ध लिखित शब्द है-
(1) उधम (2) शाश्वत
(3) उत्कर्ष (4) प्रशंसा

26. निम्नलिखित में से कौनसा वाक्य अशुद्ध है?
(1) चार साल की बच्ची गाड़ी चला सकती है?
(2) घर पहुँचकर उसने चैन का साँस लिया।
(3) श्याम ने राधा को बुलाया।
(4) ऐसे संत पुरुष को भूला नहीं जा सकता।

27. 'रीतिवाचक क्रिया-विशेषण' से संबंधित वाक्य कौन-सा है?
(1) सभी बच्चे बाहर खेल रहे हैं।
(2) यह पत्रिका प्रतिमाह छपती है।
(3) वह अचानक चला गया।
(4) तुम्हारी पुस्तकें यहाँ रखी हुई हैं।

28. किस वाक्यांश के लिए प्रयुक्त शब्द सार्थक नहीं है?
(1) जहाँ कोई विघ्न न हो - निर्विघ्न
(2) जिसे जीतना आसान हो - दुर्जेय
(3) जो आसानी से दिखाई न पड़े - दुर्लभ
(4) जो ज्यादा दीर्घ न हो - नातिदीर्घ

29. निम्नलिखित को सुमेलित कीजिए-

| सूची-I ( अंग्रेजी शब्द ) | सूची-II ( समानार्थक हिन्दी शब्द ) |
|---|---|
| (A) HONORARIUM | (i) उत्खनन |
| (B) ILLICIT | (ii) उपदान |
| (C) EXCAVATION | (iii) मानदेय |
| (D) GRATUITY | (iv) निषिद्ध |

कूट:-

| | (A) | (B) | (C) | (D) |
|---|---|---|---|---|
| (1) | iii | ii | i | iv |
| (2) | iii | iv | i | ii |
| (3) | iii | i | iv | ii |
| (4) | i | ii | iii | iv |

30. 'तंग करना' इस अर्थ के लिए किस मुहावरे का प्रयोग होता है?
(1) दो टूक बात कहना (2) जहर उगलना
(3) छक्के छूटना (4) नाच नचाना

## भाग : ( ब )
## सामान्य अंग्रेजी

31. The children were playing .........(happy) in the park.
(1) happiness (2) happily
(3) with happy (4) happinessly

32. Choose the correct answer from the given options to identify the underlined part of the sentence.
Where he Lives is not known.
(1) adjective clause (2) adverb clause
(3) noun clause (4) independent clause

33. **Do you also _____ a strange noise coming from the backyard?**
(1) hears (2) hearing
(3) hear (4) heard

34. **Who teaches you such things?**
(1) By whom you were taught such things?
(2) By whom are you taught such things?
(3) You were taught such things by whom?
(4) By who was you taught such things?

35. **They gave her a clock, (Change into passive)**
(1) A clock is given to her.
(2) She has been given a clock.
(3) A clock was being given to her.
(4) She was given a clock.

36. **Choose the correct Direct speech of the following sentence from the given options:**
**He says that the king will come.**
(1) He says that "the king will come."
(2) He says "the king would come."
(3) He says "the king came."
(4) He says, "The king will come."

37. **There is nothing that ______ of us can do to help. (Fill in the blank)**
(1) every (2) much
(3) more (4) any

38. **Fill in the blank with the correct determiner from the options given below:**
**The scheme was closed because ______ people were interested in it.**
(1) none (2) a little
(3) a few (4) few

39. **None but the brave deserve to be honoured.**
**Change in affirmative sentence:**
(1) Only those braves deserve to be honoured.
(2) Only those who are brave were honoured.
(3) Only the brave deserve to be honoured.
(4) Not only the brave deserve to be honoured.

40. **अभ्यास मनुष्य को योग्य बनाता है।**
(1) Practice makes a man perfect.
(2) Practice makes a man perfect.
(3) Practice makes a man perfect.
(4) Practice makes men perfect.

41. **यह घाव जल्दी भर जायेगा।**
(1) This wound will fill soon.
(2) This wound will soon heal.
(3) This wound should heal soon.
(4) This wound will quick heal.

42. **Translate into Hindi in the correct order:**
**Circular, Notice, Tender, Notification**
(1) निविदा, सूचना, परिपत्र, अधिसूचना
(2) सूचना, निविदा, अधिसूचना, परिपत्र
(3) परिपत्र, सूचना, निविदा, अधिसूचना
(4) निविदा, अधिसूचना, सूचना, परिपत्र

43. **Globalization**
(1) अनुकरण (2) सरलीकरण
(3) वैश्वीकरण (4) समानीकरण

44. **किसमें अंग्रेजी पारिभाषिक शब्द का समकक्ष हिन्दी पारिभाषिक शब्द गलत है-**
(1) Demarcation - सीमांकन (2) Aggregate - औसत
(3) Chargeable - प्रभार्य (4) Delimitation - परिसीमन

45. **He is very clever.**
**Transform into an interrogative sentence.**
(1) How cannot be him clever ?
(2) Is he very clever ?
(3) Why is he clever ?
(4) He in not clever why ?

## भाग : (स)
## सामान्य ज्ञान

46. **राजस्थान की अन्तर्राष्ट्रीय सीमा की लम्बाई लगभग कितनी है?**
(1) 1070 किमी. (2) 970 किमी.
(3) 1170 किमी. (4) 870 किमी.

47. **महान सीमा भ्रंश राजस्थान के किस जिले से नहीं गुजरता है?**
(1) कोटा (2) चित्तौड़गढ़
(3) सवाई माधोपुर (4) भीलवाड़ा

48. **लैटेराइट प्रकार की मिट्टी ______ में पाई जाती है?**
(3) करौली (4) डूँगरपुर

49. **कौनसी चम्बल नदी की सहायक नदी है?**
(1) जवाई (2) माही
(3) काली सिन्ध (4) जाखम

50. **सूची-I व सूची-II को मिलान कर सही कूट का चयन करो?**
**सूची-I (झीलें)** **सूची-II (जिले)**

(a) उम्मेद सागर (i) जोधपुर
(b) नक्की झील (ii) सिरोही
(c) पिछोला (iii) उदयपुर
(d) तालाब शाही (iv) धौलपुर

कूट:-
(1) a-(iv), b-(iii), c-(i), d-(ii)
(2) a-(i), b-(ii), c-(iii), d-(iv)
(3) a-(iii), b-(iv), c-(ii), d-(i)
(4) a-(i), b-(iii), c-(ii), d-(iv) (2)

51. सही क्रम चुनिए–
(1) पोंग बाँध - चम्बल नदी
(2) सिद्धमुख नहर - यमुना नदी
(3) मेजा बाँध - खारी नदी
(4) बीसलपुर बाँध - बनास नदी

52. निम्नलिखित जिला समूह में से किसमें सालार या साल (बोसवालिया सेराता) के वन पाये जाते हैं?
(1) कोटा, बूंदी, बारां, झालावाड़
(2) सवाई माधोपुर, बूंदी, धौलपुर, करौली
(3) अलवर, चित्तौड़गढ़, उदयपुर, सिरोही
(4) टोंक, जयपुर, दौसा, सीकर

53. उत्तर-पश्चिमी रेलवे मंडल का मुख्यालय स्थित है?
(1) कोटा में (2) जोधपुर में
(3) उदयपुर में (4) जयपुर में

54. 2011 की जनगणना के अनुसार निम्नलिखित में से जिलों के किस समूह की दशकीय जनसंख्या वृद्धि दर 10 से 12 प्रतिशत के बीच थी-
(1) झुंझुनूँ, पाली तथा गंगानगर
(2) पाली, झुंझुनूँ तथा सिरोही
(3) गंगानगर, बूँदी तथा चित्तौड़गढ़
(4) गंगानगर, सवाईमाधोपुर तथा पाली

55 राजस्थान के निम्नांकित में से किस जिलें में साक्षरता दर सबसे कम हैं?
(1) जालौर (2) प्रतापगढ़
(3) डूँगरपुर (4) सिरोही

56. ब्रिटिश सरकार के साथ समझौता करने वाला राजस्थान का पहला राज्य कौनसा था?
(1) कोटा (2) जयपुर
(3) जोधपुर (4) उदयपुर (1)

57. दिसम्बर, 1817 ई. में अंग्रेजों के साथ संधि के समय कोटा के महाराव कौन थे?
(1) उम्मेदसिंह-I (2) किशोरसिंह
(3) रामसिंह-II (4) रामसिंह-I

58. 1857 की क्रांति के दौरान (देशी रियासत पॉलिटिकल एजेंट) का कौनसा युग्म असंगत है?
(1) उदयपुर - सी.एल. शॉवर्स
(2) जयपुर - कर्नल ईडन
(3) बीकानेर - कैप्टन जे.डी. हॉल
(4) जोधपुर - मैक मेसन

59. निम्नलिखित में से किसने राव गोपाल सिंह खरवा को प्रभावित किया था?
(1) ब्रह्म समाज (2) आर्य समाज
(3) वर्धमान शैली (4) रामकृष्ण मिशन

60. किस आयोग की सिफ़ारिश पर माउण्ट आबू एवं अजमेर मेरवाड़ा का विलय राजस्थान में किया?
(1) राजस्थान संयुक्त आयोग (2) वल्लभभाई पटेल आयोग
(3) वी. पी. मेनन आयोग (4) राजस्थान पुनर्गठन आयोग

61. लाल्या-काल्या मेला आयोजित होता है?
(1) भरतपुर में (2) जयपुर में
(3) भीलवाड़ा में (4) अजमेर में

62. राजस्थान का प्रसिद्ध पुष्कर मेला हिन्दू पंचांग के किस माह में लगता है?
(1) सावन (2) फाल्गुन
(3) कार्तिक (4) चैत्र

63. रावण हत्था किसका मुख्य वाद्य है?
(1) भील (2) कालबेलिया
(3) गरासिया (4) भोपा

64. सुमेलित कीजिए-
(i) चरी नृत्य (1) कालबेलिया
(ii) रणबाजा नृत्य (2) मेव
(iii) शंकरिया नृत्य (3) गुर्जर
(iv) चकरी नृत्य (4) कंजर
(1) (i)-1,(ii)-2,(iii)-3,(iv)-4
(2) (i)-2,(ii)-3,(iii)-1,(iv)-4
(3) (i)-4,(ii)-2,(iii)-1,(iv)-3
(4) (i)-3,(ii)-2,(iii)-1,(iv)-4

65. तेरहताली नृत्य किस देवता को समर्पित है?
(1) रामदेव जी (2) जम्भोजी
(3) गोगाजी (4) तेजाजी

66. गणगौर का त्योहार किस तिथि को मनाया जाता है?
(1) फाल्गुन शुक्ल तृतीया (2) पोष शुक्ल तृतीया
(3) माघ शुक्ल तृतीया (4) चैत्र शुक्ल तृतीया

67. कृपालसिंह शेखावत को किस कला को देश-विदेश में पहचान दिलाने के लिए 'पद्मश्री' से सम्मानित ( 1974 ) किया गया?

(1) ब्ल्यू पॉटरी (2) हाथीदाँत कार्य
(3) लाख कार्य (4) साहित्य

68. निम्नलिखित में से कौनसा संस्कार जन्म से संबंधित है?

(1) सामेल (2) बान
(3) मौसर (4) जडूला

69. 'तख्तेशाही' पगड़ी कहाँ पहनी जाती हैं?

(1) जयपुर (2) जोधपुर
(3) उदयपुर (4) कोटा

70. स्त्रियाँ बोरला आभूषण शरीर के किस भाग पर पहनती है?

(1) सिर (2) हाथ
(3) गर्दन (4) कान

71. गंगानगर-हनुमानगढ़ खेतर री लोक बोली से नांव है?

(1) वागड़ी (2) शेखावाटी
(3) गोडवाड़ी (4) बणियावटी

72. डूंगरपुर एवं बांसवाड़ा क्षेत्र में बोली जाने वाली बोली है?

(1) वागड़ी (2) मालवी
(3) मारवाड़ी (4) मेवाड़ी

73. श्रावण माह के दौरान राजस्थानी महिलाओं द्वारा गाये जाने वाले लोकप्रिय लोकगीत का नाम है?

(1) लोटिया (2) कजरी
(3) रसिया गीत (4) तीज

74. सुमेलित कीजिए—

| ( ग्रंथ ) | | ( लेखक ) |
|---|---|---|
| A. पृथ्वीराज रासो | 1. | विजयदान देथा |
| B. वीर विनोद | 2. | चन्दबरदाई |
| C. बाता री फुलवारी | 3. | श्यामलदास |

कूट:-

| | (A) | (B) | (C) |
|---|---|---|---|
| (1) | 3 | 1 | 2 |
| (2) | 2 | 3 | 1 |
| (3) | 1 | 2 | 3 |
| (4) | 2 | 1 | 3 |

75. MS पावर पॉइंट 2010 में डेकोरेटिव टेक्स्ट को इन्सर्ट करने हेतु ............ का प्रयोग किया जाता है?

(1) वर्ड क्लिप (2) वर्ड आर्ट
(3) क्लिप आर्ट (4) डेको डेक्स्ट

76. सूखा व अकाल का अल्पकालीन समाधान है, जिसे सरकार अपनाती है क्या है?

(1) लघु व कुटीर उद्योगों की स्थापना
(2) अकाल राहत कार्य
(3) कृत्रिम वर्षा
(4) भू-राजस्व माफ

77. राजस्थान के निम्नलिखित राज्यपालों में से कौन भारत के एयरचीफ मार्शल भी रह चुके हैं?

(1) वसंत राव पाटिल (2) रघुकुल तिलक
(3) ओ.पी. मेहरा (4) सुखदेव प्रसाद

78. राजस्थान विधानसभा के द्वितीय अध्यक्ष कौन थे?

(1) राम निवास मिर्धा (2) राम किशोर व्यास
(3) लक्ष्मण सिंह (4) नरोत्तम लाल जोशी

79. निम्नलिखित में से कौन कभी भी राजस्थान राज्य विधानसभा के उपाध्यक्ष नहीं रहे?

(1) यदुनाथ सिंह (2) करन सिंह
(3) अहमद बख्श सिंघी (4) राम चन्द्र

80. एक कम्प्यूटर में फक्शन कीज की कुल संख्या होती है?

(1) 05 (2) 12
(3) 13 (4) 14

81. MS Excel में किसी फंक्शन को इन्सर्ट करने हेतु निम्न में से किस शार्ट कट कीज का प्रयोग किया जाता है?

(1) शिफ्ट + F3 (2) शिफ्ट + F4
(3) शिफ्ट + F5 (4) शिफ्ट + F6

82. राजस्थान में प्रशासनिक दृष्टि से निम्न में से सबसे छोटी इकाई कौनसी है?

(1) जिला (2) संभाग
(3) पंचायत समिति (4) तहसील

83. निम्न में से कौन से कार्य दण्डनायक के रूप में कलेक्टर में निहित है?

(1) पुलिस पर नियंत्रण रखना
(2) जिले के कोषालयों का निरीक्षण करना
(3) विदेशियों के पासपोर्ट की जाँच करना
(4) भू-राजस्व एकत्र करना

84. अनुसूचित क्षेत्र विस्तार अधिनियम-1996 का सम्बन्ध है?

(1) आरक्षण क्षेत्र में विस्तार
(2) सांस्कृतिक विकास
(3) पंचायत राज सशक्तीकरण
(4) शिक्षा

85. ग्राम सभा की किसी भी बैठक के लिए गणपूर्ति ( कोरम ) ......... होती है-
(1) कुल संख्या की 25% उपस्थिति
(2) कुल संख्या की 10% उपस्थिति
(3) कुल संख्या की 5% उपस्थिति
(4) कुल संख्या की 1% उपस्थिति

86. राजस्थान के निम्नलिखित राज्यपालों में से कौन भारत के एयरचीफ मार्शल भी रह चुके हैं?
(1) वसंत राव पाटिल (2) रघुकुल तिलक
(3) ओ.पी. मेहरा (4) सुखदेव प्रसाद

87. राजस्थान विधानसभा के द्वितीय अध्यक्ष कौन थे?
(1) राम निवास मिर्धा (2) राम किशोर व्यास
(3) लक्ष्मण सिंह (4) नरोत्तम लाल जोशी

88. निम्नलिखित में से कौन कभी भी राजस्थान राज्य विधानसभा के उपाध्यक्ष नहीं रहे?
(1) यदुनाथ सिंह (2) करन सिंह
(3) अहमद बख्श सिंघी (4) राम चन्द्र

89. राजस्थान के मुख्यमंत्रियों में, निम्नांकित में से कौन भ्रष्टाचार, उन्मूलन समिति (1962) के सदस्य रहे है?
(1) टीकाराम पालीवाल (2) हरिदेव जोशी
(3) बरकतुल्लाह खान (4) जगन्नाथ पहाड़िया

90. राजस्थान के निम्नलिखित मुख्य मंत्रियों में से पदभार ग्रहण करने के क्रम का सही विकल्प चुने-
(1) भैरोसिंह शेखावत, बरकतुल्लाह खान, हरिदेव जोशी, जगन्नाथ पहाड़िया
(2) हरिदेव जोशी, बरकतुल्लाह खान, जगन्नाथ पहाडिया, भैरोसिंह शेखावत
(3) बरकतुल्लाह खान, भैरोसिंह शेखावत, हरिदेव जोशी, जगन्नाथ पहाडिया
(4) बरकतुल्लाह खान, हरिदेव जोशी, भैरोसिंह शेखावत, जगन्नाथ पहाडिया

91. राजस्थान में प्रशासनिक दृष्टि से निम्न में से सबसे छोटी इकाई कौनसी है?
(1) जिला (2) संभाग
(3) पंचायत समिति (4) तहसील

92. निम्न में से कौन से कार्य दण्डनायक के रूप में कलेक्टर में निहित है?
(1) पुलिस पर नियंत्रण रखना
(2) जिले के कोषालयों का निरीक्षण करना
(3) विदेशियों के पासपोर्ट की जाँच करना
(4) भू-राजस्व एकत्र करना

93. अनुसूचित क्षेत्र विस्तार अधिनियम-1996 का सम्बन्ध है?
(1) आरक्षण क्षेत्र में विस्तार
(2) सांस्कृतिक विकास
(3) पंचायत राज सशक्तीकरण
(4) शिक्षा

94. ग्राम सभा की किसी भी बैठक के लिए गणपूर्ति ( कोरम ) ......... होती है-
(1) कुल संख्या की 25% उपस्थिति
(2) कुल संख्या की 10% उपस्थिति
(3) कुल संख्या की 5% उपस्थिति
(4) कुल संख्या की 1% उपस्थिति

95. किसी भी चयनित टेक्स्ट को रेखांकित करने के लिए, दबाया (press) जाता है?
(1) कंट्रोल + B (2) कंट्रोल + U
(3) कंट्रोल + I (4) कंट्रोल + U + I

## भाग : (द)
# गणित

96. एक व्यक्ति प्रथम पाँच माह में औसत से 4400 रु. खर्च करता है और अगले 7 माह में औसत 5000 रु. खर्च करता है। यदि पूरे वर्ष में उसने 15000 रु. बचाये तो उसकी मासिक आय होगी?
(1) 7000 रु. (2) 6000 रु.
(3) 4000 रु. (4) 6500 रु.

97. किसी खिलाड़ी का औसत रन 20 था। यदि अगले दो मैचों में वह क्रमशः 0 तथा 10 रन बनाता है, जिससे उसका औसत 15 रन हो जाता हैं, तो उसने कितने मैचों में भाग लिया है-
(1) 6 (2) 18
(3) 5 (4) 10

98. एक टोकरी में रखे सेवों में से 36 प्रतिशत खराब है यदि इस टोकरी में अच्छे सेवों की संख्या 144 हो तो कुल सेवों की संख्या कितनी है?
(1) 223 (2) 240
(3) 225 (4) 232

99. एक वाशिंग मशीन 3 वर्ष पूर्व खरीदी गयी थी। आज इसका मूल्य 5700 रु. है। यदि प्रति वर्ष ह्रास की दर 5 प्रतिशत मान ली जाये तो बताओ 3 वर्ष पूर्व वाशिंग मशीन कितने में खरीदी गयी थी-

(1) 6648.20 रु. (2) 6548.25 रु.
(3) 5648.10 रु. (4) 4583.20 रु.

**100.** राजेश 25% लाभ पर एक वस्तु विजय को बेचता है और विजय 30% लाभ पर उसे अमर को बेचता है। यदि अमर उस वस्तु के लिए 520 रुपये देता है तो राजेश ने कितना दिया?

(1) 320 रु. (2) 205 रु.
(3) 450 रु. (4) 350 रु.

**101.** एक घड़ी के 360 रु. में बेचने से 10% की हानि होती है। बताओ यह घड़ी को कितने में बेचे कि उसे 5% लाभ हो?

(1) 400 रु. (2) 420 रु.
(3) 324 रु. (4) कोई नहीं

**102.** 16 का अनुपात किसी संख्या के साथ वही है जो 2 का 5 के साथ है। वह संख्या होगी-

(1) 40 (2) 10
(3) 7 (4) 20

**103.** दो संख्याओं 5 : 9 के अनुपात में हैं। यदि प्रत्येक संख्या में 16 जोड़ दिया जाये तो उनका अनुपात 3 : 5 हो जाता है। ये संख्यायें हैं-

(1) 72 तथा 40 (2) 80 तथा 144
(3) 70 तथा 108 (4) 100 तथा 160

**104.** A एक व्यवसाय 3500 रु. से प्रारम्भ करता है। 5 महीने बाद B उसका साझीदार बन जाता है। एक समय बाद दोनों के बीच लाभ को 2 : 3 के अनुपात में विभाजित किया जाता है तो ज्ञात करो B ने कितनी पूँजी लगाई?

(1) 6000 रु. (2) 8000 रु.
(3) 9000 रु. (4) 8500 रु.

**105.** कोई धन निश्चित साधारण ब्याज दर $3\frac{1}{2}$ वर्षो में 1350 रु. तथा $5\frac{1}{2}$ वर्षो में 1800 रु. हो जाता है? ब्याज की वार्षिक दर क्या होगी?

(1) 40% (2) 45%
(3) 50% (4) 55%

**106.** साधारण ब्याज पर कोई राशि 16 वर्षों में दोगुनी हो जाती है वार्षिक ब्याज की दर क्या है-

(1) 5% (2) $6\frac{1}{4}\%$
(3) 8% (4) 16%

**107.** $\frac{7}{9}, \frac{14}{15}$ व $\frac{7}{10}$ का म. स. प. क्या हैं?

(1) $\frac{7}{90}$ (2) $\frac{7}{45}$
(3) $\frac{7}{675}$ (4) $\frac{14}{45}$

**108.** किसी ठेकेदार ने किसी काम को 96 दिन में पूरा करने के लिए 100 मजदूर लगाए। किंतु निर्धारित समय के $\frac{1}{6}$ भाग में केवल $\frac{1}{7}$ काम हुआ। काम को समय पर पूरा करने के लिए अपेक्षित अतिरिक्त मजदूरों की संख्या है?

(1) 20 (2) 40
(3) 30 (4) 15

**109.** एक चोर 2 बजे दोपहर बाद कार चुराकर 60 किमी/घंटा की चाल से भागता है। चोरी का पता 2.30 बजे दोपहर बाद चलने पर पुलिस 80 किमी/घंटा की चाल से उसे का पिछा करती है। पुलिस चोर को कितने बजे पकड़ने में सफल होगी?

(1) 4 बजे रात को (2) 4 बजे दोपहर बाद
(3) 3 बजे रात को (4) 4 बजे सुबह बाद

**110.** एक सवारी गाडी जो 49 किमी/घण्टा की चाल से चल रही है। उस में बैठा एक यात्री विपरीत दिशा में आरही एक ट्रैन को देखता है। तथा अनुभव करता है कि वह ट्रेन उसे 12 सैकण्ड में पार कर जाती है। यदि उस ट्रेन की लम्बाई 24 मीटर है तो उस की चाल ज्ञात करो?

(1) 25 किमी/घण्टा (2) 33 किमी/घण्टा
(3) $33\frac{1}{3}$ किमी/घण्टा (4) 23 किमी/घण्टा

**111.** एक रेलगाड़ी 180 मीटर प्लेटफार्म को 36 सैकण्ड में पार कर जाती है। यदि रेलगाडी की लम्बाई 270 मीटर है। तो उस की चाल कितनी होगी?

(1) 45 किमी/घण्टा (2) 26 किमी/घण्टा
(3) 46 किमी/घण्टा (4) 25 किमी/घण्टा

**112.** दूध और पानी किस अनुपात में मिलाया जाये कि विलयन को क्रय मूल्य पर बेचने पर $33\frac{1}{3}\%$ लाभ हो।

(1) 3 : 1 (2) 1 : 3
(3) 2 : 3 (4) 3 : 2

113. किसी वस्तु को 1870 रु. में बेचने पर 10% लाभ होता है। तो वस्तु का क्रय मूल्य ज्ञात करो?

(1) 1500 रु. (2) 1200 रु.

(3) 1900 रु. (4) 1700 रु.

114. किसी वस्तु की 25% लाभ और 20% लाभ पर विक्रय कीमत में 10 रु. का अंतर है। उस वस्तु की लागत कीमत है ?

(1) 150 रु. (2) 200 रु.

(3) 250 रु. (4) 110 रु.

115. 900 का 300 कितने प्रतिशत है?

(1) $97\frac{1}{2}\%$ (2) $67\frac{1}{3}\%$


(3) $33\frac{1}{2}\%$ (4) $33\frac{1}{3}\%$

116. किसी मूलधन का ब्याज एक निश्चित दर पर निश्चित समय के लिये मूलधन का $\frac{16}{25}$ है तथा समयऔर दर का संख्यात्मक मान बराबर है तो दर और समय क्रमशः होगा?

(1) 12%, 12 वर्ष (2) 10%, 10 वर्ष

(3) 7 वर्ष, 7% (4) 8%, 8 वर्ष

निर्देश ( प्रश्न संख्या 117 से 120 तक:- निम्न वृत्तारेख किसी आवासीय परिसर का भूमि वितरण दर्शाता है। यदि परिसर का कुल क्षेत्रफल 5 एकड़ हे, तो वृत्तारेख की जाँच करें और प्रश्नों के उत्तर दें।




117. आवास और सड़क के उद्देश्य के लिए आबंटित क्षेत्रफल का अनुपात है?

(1) 1 : 4 (2) 4 : 10

(3) 3 : 8 (4) 8 : 3

118. जलाशय और हरित क्षेत्र के लिए मिलाकर कुल आबंटित क्षेत्र का प्रतिशत है?

(1) 17.5% (2) 30%

(3) 45% (4) 40%

119. हरित क्षेत्र के लिए आबंटित भूमि वाणिज्यिक उद्देश्य के लिए आवंटित भूमि से कितनी अधिक है?

(1) $\frac{3}{2}$ एकड़ (2) $\frac{2}{3}$ एकड़

(3) $\frac{4}{3}$ एकड़ (4) $\frac{3}{8}$ एकड़

120. आवासीय और वाणिज्यिक उद्देश्य के लिए आबंटित कुल भूमि है?

(1) $2\frac{1}{4}$ एकड़ (2) $4\frac{1}{2}$ एकड़

(3) 1.375 एकड़ (4) $2\frac{1}{2}$ एकड़

# व्याख्यात्मक सहित हल

## भाग : ( अ ) सामान्य हिन्दी

1. **व्याख्या:**- 'विद्यालय' शब्द में दीर्घ ( स्वर) संधि है। विद्या + आलय
**नियम :**- जब अ/आ, इ/ई, उ/ऊ, ऋ/ॠ के बाद कोई समान स्वर आता है तो ये दोनों मिलकर आ, ई, ऊ, ॠ (दीर्घ) स्वर में बदल जाते हैं।
2. (1)
3. (2) **व्याख्या:**- तत्सम शब्द : तत् (उसके) सम्-समान अर्थात् वे शब्द जो अपनी उत्पत्ति के समान हैं। यहाँ तत्- संस्कृत भाषा के लिए प्रयुक्त हुआ है।
4. (4) **व्याख्या:**- स्व + अंग = स्वांग [दीर्घ संधि]

5. (4) 6. (3) 7. (2) 8. (2) 9. (4)
10. (4) 11. (4) 12. (2) 13. (2) 14. (3)
15. (2) 16. (4) 17. (3) 18. (1) 19. (3)
20. (2) 21. (1)

22. (3) **व्याख्या:**- वाक्य में प्रयुक्त दूसरे संज्ञा या सर्वनाम शब्दों में संबंध दिखाने वाले सर्वनाम संबंधवाचक सर्वनाम कहे जाते हैं।
23. (2)
24. (1) **व्याख्या:**- जिसने ऋण चुका दिया हो - **उऋण**
   - वह व्यक्ति जो ऋण देता है - **उत्तमर्ण**

25. (1) 26. (2) 27. (3)

28. (2)
**व्याख्या:**- जिसे जीतना कठिन हो - दुर्जेय
29. (2)
30. (4)

## भाग : ( ब ) सामान्य अंग्रेजी

31. (2) **Exp. :** Playing verb का adverb यहाँ happily आयेगा।
32. (3) **Exp. :** **'Where he lives'** यहाँ पर Noun clause है, जो कि The object of a verb की तरह कार्य कर रहा है।
33. (3) **Exp. :** यहाँ दिया गया वाक्य present Indefinite Tense का Interrogative Sentence है, अत: Do के साथ Verb की I form का प्रयोग होगा, अत: विकल्प (3) सही है।
34. (2) **Exp.:** Who को By Whom में बदलकर Passive Voice बनाया गया है।
35. (4) **Exp.:** यहाँ दिया गया Sentence Past Indefinite Tense का है। अत: Passive बनाते समय was/were + V3 का प्रयोग होगा। अत: विकल्प (4) सही है।
36. (1) **Exp.:**- यहाँ R.V. में present Tense (says) है, इसलिए R.S. के Tense (will) में कोई भी परिवर्तन नहीं होगा।
37. (4) **Exp.:**- Nothing के कारण any का प्रयोग होगा, क्योंकि negative sense में any का प्रयोग होता है।
38. (4) **Exp.:**- यहाँ Sentence में नकारात्मक भाव व्यक्त किया गया है, अत: Few (न के बराबर) का प्रयोग उचित है।
39. (3) **Exp. :** यदि किसी Affirmative Sentence में only या alone आये तो उसका negative बनाते समय none but का प्रयोग किया जाता है।

40. (1) 41. (2) 42. (3) 43. (3) 44. (2)
45. (2)

## भाग : ( स ) सामान्य ज्ञान

46. (1)
47. (4)
48. (4) **व्याख्या:**- **लैटेराइट मिट्टी**- लेटराइट मिट्टी उच्च तापमान और उच्च वर्षा वाले क्षेत्रों में विकसित होती है। ये उष्णकटिबंधीय वर्षा के कारण तीव्र निक्षालन का परिणाम हैं। उच्च तापमान में अच्छी तरह पनपने वाले बैक्टीरिया द्वारा मिट्टी की ह्यूमस सामग्री तेजी से हटा दी जाती है। इन मिट्टी में **कार्बनिक पदार्थ, नाइट्रोजन, फॉस्फेट** और **कैल्शियम** की कमी होती है, जबकि आयरन ऑक्साइड और पोटाश की अधिकता होती है।
लैटेराइट मिट्टी मुख्य रूप से पश्चिमी और पूर्वी घाटों में पाई जाती है। यह लाल से पीले रंग की होती है।

49. (3) 50. (2) 51. (4) 52. (3) 53. (4)
54. (1) 55 (1) 56. (1) 57. (1) 58. (3)
59. (2) 60. (4) 61. (4) 62. (3) 63. (4)
64. (4) 65. (1)

66. (4) **व्याख्या:** गणगौर का त्यौहार चैत्र शुक्ल तृतीया को मनाया जाता है। गणगौर की पूजा होली के दूसरे दिन चैत्र कृष्ण प्रतिपदा से चैत्र शुक्ल तृतीया (कुल 18 दिन) तक मनाया जाता है।

67. (1) 68. (4) 69. (1) 70. (1) 71. (1)
72. (1) 73. (4) 74. (2) 75. (2) 76. (2)
77. (3) 78. (1) 79. (2) 80. (2) 81. (1)
82. (3) 83. (1) 84. (3) 85. (2) 86. (3)
87. (1) 88. (2)

89. (1) **व्याख्या:-** टीकाराम पालीवाल 1962 में भ्रष्टाचार उन्मूलन समिति के सदस्य रहे।

90. (4) 91. (3) 92. (1) 93. (3) 94. (2)
95. (2)

## भाग : ( द ) गणित

96. **व्याख्या : (2)** एक व्यक्ति का वर्ष भर का कुल खर्चा $= 4400\times5+5000\times7 = 22000+35000 = 57000$ रुपये

अतः मासिक आय $= \frac{57000+15000}{12} = \frac{72000}{12} = 6000$ रुपये

97. **व्याख्या : (1)** माना किसी खिलाड़ी ने x मैचों में भाग लिया।

अतः x मैचों के कुल रन = 15x रन

(x – 2) मैचों के कुल रन = (x – 2)×20 रन

अतः $15x-(x-2)20 = 10$

$\Rightarrow 15x-20x+40 = 10$

$\Rightarrow -5x = -30$

$\Rightarrow x = 6$ मैच

98. **व्याख्या : (3)** माना कुल सेवों की संख्या = 100

खराब सेवों की संख्या = 36

अच्छे सेवों की संख्या = 100 – 36 = 64

कुल सवों की संख्या $= \frac{100}{64}\times144 = 225$

99. **व्याख्या : (1)** 3 वर्ष पूर्व वाशिंग मशीन का मूल्य

$= 5700\times\frac{100}{95}\times\frac{100}{95}\times\frac{100}{95} = 6648.20$ रुपये

100. **व्याख्या : (1)** राजेश की वस्तु का क्रयमूल्य

$= 520\times\frac{100}{125}\times\frac{100}{130} = 320$ रुपये

101. **व्याख्या : (2)** घड़ी का नया विक्रय मूल्य

$= 360\times\frac{105}{90} = 420$ रु.

102. **व्याख्या : (1)** 16 : x :: 2 : 5

$\Rightarrow 2x = 16\times5$

$\Rightarrow x = 40$

103. **व्याख्या : (2)** प्रश्नानुसार –

$\frac{5x+16}{9x+16} = \frac{3}{5}$

$\Rightarrow 25x+80 = 27x+48$

$\Rightarrow 2x = 32$

$\Rightarrow x = 16$

अतः संख्याऐं क्रमशः 80, 144

104. **व्याख्या : (3)**

| A | : | B |
|---|---|---|
| 3500×12 | | x(धन)×12–5 |
| ⇒ 3500×12 | | x×7 |
| ⇒ 500×12 | : | x |

अतः $\frac{500\times12}{x} = \frac{2}{3}$

$\Rightarrow 9000 = x$

अतः B ने 9000 रुपये व्यापार में लगाये।

105. **व्याख्या : (1)** 5½ का मिश्रधन = 1800 रु.

3½ का मिश्रधन = 1350 रु.

2 वर्ष का ब्याज = 450 रु.

3½ वर्ष ब्याज $= \frac{450}{2}\times\frac{7}{2} = 787.50$ रु.

अतः मूलधन = 1350 – 787.50 = 562.50 रु.

दर $= \frac{787.50\times100\times2}{562.50\times7} = 40\%$

106. **व्याख्या : (2)** दर% $= \frac{(n-1)\times100}{\text{समय}}$

$= \frac{(2-1)\times100}{16} = \frac{100}{16} = \frac{25}{4} = 6\frac{1}{4}\%$

107. **व्याख्या : (1)** $\frac{7}{9}, \frac{14}{15}, \frac{7}{10}$ का म. स. प. = ?

⇒ अंश का म. स. प. = 7

हर का ल. स. प. = 90

अतः अभीष्ट म. स. प. $= \frac{7}{90}$ **Ans.**

**108. व्याख्याः-** (1) $M_1 = 100, D_1 = \frac{96}{6} = 16, W_1 = \frac{6}{7}$

सूत्र :

$$\frac{M_1D_1}{W_1} = \frac{M_2D_2}{W_2} \Rightarrow \frac{100\times16}{\frac{1}{7}} = \frac{x\times80}{\frac{6}{7}}$$

$$\Rightarrow x = \frac{7\times100\times16\times6}{80\times7} = 120 \text{ मजदूर}$$

अतः अतिरिक्त मजदूर = 120 − 100 = 20

**109. व्याख्याः-** (2) चोर कितने घण्टे में पकड़ा जायेगा

$$= \frac{S_1(T_2-T_1)}{S_2-S_1} = \frac{60\times\frac{1}{2}}{20}$$

⇒ 1.30 घण्टा

अतः चोर पकड़ा जायेगा = 2.30 + 1.30 = 4 बजे दोपहर बाद

**110. व्याख्याः-** (4) चाल = दूरी/समय

$= \frac{240}{12} = 20$ मीटर/सैकण्ड या

$20\times\frac{18}{5} = 72$ किमी./घण्टा

विपरीत दिशा से आने वाली ट्रेन की चाल = 72−49 = 23 किमी./घण्टा

**(या)**

समय = दूरी/सापेक्ष चाल

$$\Rightarrow 12 = \frac{240}{(49+4)\frac{5}{18}}$$

$$\Rightarrow 12 = \frac{240\times18}{5(49+x)}$$

⇒ 49 + x = 72

⇒ x = 72 − 49 = 23 किमी./घण्टा

**111. व्याख्याः-** (1) कुल लम्बाई = 180 + 270 = 450 मीटर

समय = 36 सैकण्ड

चाल = ?

⇒ चाल = दूरी/समय

$= \frac{450}{36} = 12\frac{1}{2}$ मीटर/सैकण्ड

या 45 किमी./घण्टा

अतः रेलगाड़ी की चाल 45 किमी./घण्टा है।

**112. व्याख्याः-** (4)

| दूध | : | पानी |
|---|---|---|
| 100 | : | x% |
| ⇒ 100 | : | $\frac{100}{3}$ |
| ⇒ 300 | : | 100 = 3 : 1 |

**113. व्याख्या :** (4) वस्तु का क्रय मूल्य = $1870\times\frac{100}{110} = 1700$ रु.

**114. व्याख्याः** (2) क्रय मूल्य (लागत कीमत)

$= \frac{10}{25-20}\times100 = 200$ रु.

**115. व्याख्याः** (4) 900 का 300 प्रतिशत है = ?

$\Rightarrow \frac{300}{900}\times100 = \frac{100}{3}$

$\Rightarrow 33\frac{1}{3}\%$

**116. व्याख्या :** (4) साधारण ब्याज = $\frac{\text{मू.}\times\text{समय}\times\text{दर}}{100}$

16/25× मूलधन = $\frac{\text{मू.}\times R\times R}{100} = 480$

$\frac{15}{25} = \frac{R^2}{100}$ या $R^2 = \frac{1600}{25}$ या $R = \sqrt{\frac{1600}{25}} = \frac{40}{5} = 8$

**117. व्याख्या :** (2) कुल भूमि = 5 एकड़

= 360° + 54° + 144° + 18° = 5 एकड़

= 720° = 55 एकड़

$I^\circ = \frac{5}{720}$ एकड़

$\frac{\text{आवास के लिए आबंटित भूमि}}{\text{सडक के लिए आबंटित भूमि}} = \frac{144}{360} = 4 : 10 = \frac{4}{10}$

**118. व्याख्या :** (1) जलाशय तथा हरित क्षेत्र की कुल आबंटित भूमि का प्रतिशत

$= \frac{(108+18)}{720}\times100\ 17.5\%$

**119. व्याख्या :** (4) हरित क्षेत्र के लिए आबंटित भूमि − वणिज्यिक क्षेत्र के लिए आबंटित भूमि

$$= \left(108\times\frac{5}{720} - 54\times\frac{5}{720}\right) = 54\times\frac{5}{720} = \frac{15}{40} = \frac{3}{8}$$

**120. व्याख्या :** (3) आवासीय और वाणिज्य उद्देश्य के लिए कुल आबंटित भूमि-

$$= \left(144\times\frac{5}{720} + 54\times\frac{5}{720}\right)$$

$$= 198\times\frac{5}{720} = 1.375 \text{ एकड़}$$

□□□